थी जबकि सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान यह प्रतिशतता 3.55 थी और यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शिक्षा के लिए सकल घरेलू उत्पाद की कितने प्रतिशत धनराशि अभिकल्पित की गयी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पहली पंचवर्षीय योजना में कुल आवटन की 56 प्रतिशत राशि को प्राथमिक शिक्षा पर खर्च किया गया था जबकि सातवीं पंचवर्षीय योजना में यह राशि केवल 329 प्रतिशत है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि एक अध्ययन प्रतिवेदन में यह उल्लिखित किया गया है कि प्राथमिक शिक्षा के लिए कम आवंटन किए जाने की वजह से केवल 19 प्रतिशत जनसंख्या ने इस सुविधा का लाभ उठाया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और आठवीं पंचवर्षीय योजना में शिक्षा पर किए जाने वाले कुल व्यय की कितने प्रतिशत राशि प्राथमिक शिक्षा पर व्यय किए किए जाने का विचार है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) जी नहीं । सकल राष्ट्रीय उत्पाद के रूप में शिक्षा पर व्यय जो 1950-51 में 1.2 प्रतिशत था वह 1989-90 में बढ़कर लगभग 3.8 प्रतिशत हो गया । आठवीं पंचवर्षीय योजना में इस प्रतिशतता का स्तर 1989-90 के स्तर से अधिक हो जाने की संभावना है ।

(ख) पहली पंचवर्षीय योजना में केन्द्र तथा राज्य सरकारों का प्राथमिक शिक्षा संबंधी बजट-व्यय, शिक्षा पर कुल व्यय का 56 प्रतिशत था । दूसरी पंचवर्षीय योजना में, यह प्रतिशतता घटकर 35 प्रतिशत हो गई । सातवीं पंचवर्षीय योजना में, यह बढ़कर 37.7 प्रतिशत हो गई थी ।

(ग) वर्ष 1990-91 में, सकल दाखिला अनुपात अर्थात् स्कूली-आयु-जन संख्या के समानुपात के रूप में, दाखिला, 6-11 वर्षों में बच्चों के लिए 101.03 प्रतिशत था और 11-14 वर्षों के आयु-वर्ग में बच्चों के लिए 60.11 प्रतिशत था ।

(घ) केन्द्र तथा राज्यों के, शिक्षा संबंधी कुल योजनागत परिव्यय का लगभग 46.95 प्रतिशत, आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रारंभिक शिक्षा के लिए निर्धारित किया जाएगा ।

Charges against the Principal of Kendriya Vidyalaya No. 1, Agra

1683. SHRI SARADA MOHANTY:

SHRI MOHD. KHALEELUR RAHMAN:

SHRI MISA R. GANESAN:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the previous Principal of Kendriya Vidyalaya No. 1, Agra had been detached and temporarily posted out, pending some allegations which he was facing;

(b) if so, whether the charges have been *prima facie* established; and

(c) if so, whether the Principal has been/is being transferred elsewhere pending a formal enquiry?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) Yes, Sir. The Principal, Kendriya Vidyalaya No. 1, Agra was ordered to report to Assistant Commissioner Jaipur pending inquiry.

(b) The question is being examined.

(c) Does not arise at present.